**अव्यवस्था** | विधायक ने सिर्फ दिया आश्वासन, धरातल पर हालात जस के तस

# दुर्दशा का शिकार कटंगी-चरगवां मार्ग, गिरकर घायल हो रहे दोपहिया वाहन चालक





**नवभारत,कटंगी।** प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गण निर्माण किया गया कटंगी से चरगवां पहुंच मार्ग इन दिनों दुर्दशा का शिकार हो गया है। आलम ये है कि आए दिन दोपहिया वाहन चालक इस सड़क में मौजूद कीचड़, गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे हैं वहीं दूसरी तरफ कटंगी नगर का गंदा पानी बहकर सड़कों पर जमा हो रहा है। कुल मिलाकर सभी ग्रामीण गंदगी, कीचड़ वाली 3 किलोमीटर की इस सड़क पर मजबूरी में चल रहे हैं।

स्थानीय ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि विधायक अजय विश्नोई द्वारा घोषणा की गई थी कि इस सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र होगा लेकिन आज दिनांक तक सड़क निर्माण से संबंधित कोई भी गतिविधि मौके पर नहीं दिखाई पड़ रही है। और न ही सड़क का सुधार हो रहा है। कटंगी नगर के शिकायतकर्ता अन्नू अग्रवाल ने बताया कि विगत अगस्त माह 2025 में उनके द्वारा मुख्यमंत्री के पास सड़क की हालत को लेकर शिकायत की गई थी जिसमें संबंधित विभाग के कोरी द्वारा बताया गया कि यह मार्ग निर्माण के लिए पुन: प्रस्तावित हो गया है।

### कांग्रेस ने उठाई आवाज

कटंगी नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र कटंगी से चरगवा गांव की प्रमुख सड़क सड़क का निर्माण कार्य चालू किया जाए और साथ ही सड़क के किनारे नाली का निर्माण किया जाए जिससे बस्ती का गंदा पानी जो सड़कों पर न भरे।


### बरसात में बिगड़ जाते हैं और हालात

कटंगी से 3 किलो मीटर दूरी वाले ग्राम चरगवां के ग्रामीणों ने नवभारत को बताया कि मूलभूत आवश्यकता का मुख्यालय कटंगी होने पर वर्ष भर आवागमन करना पड़ता है दूसरी ओर कटंगी के किसान, व्यापारी भी गांव आवागमन करते हैं। बाकी दिनों की कष्ट प्रद यात्रा के साथ बरसात में उपरोक्त सड़क मार्ग कीचड़मई होकर स्थिति दुर्दशा पूर्ण हो जाती हैं। इस संपूर्ण सड़क के निर्माण कार्य की जनता वर्षों से बांट जोह रही है।



# खेरमाई मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

- चैत्र नवरात्र : 9 दिवसीय आराधना का पर्व शुरू



**नवभारत,बेलखाडू।** मां दुर्गा के नौ रूपो की नौ दिन तक आराधना, उपासना, व्रत पूजन अर्चन का क्रम गुरूवार को चैत्र माह के नवरात्र पर्व पर से शुरू हुआ। एक दिन पूर्व गांव के सभी मंदिरों के साथ साथ लोगों के घरों के पूजा स्थलों पर विशेष साफ सफाई का क्रम दिन भर चलता रहा।

गुरूवार से प्रारंभ नवरात्र पर सर्वप्रथम लोगों ने प्रात: काल से ही गांव के खेरमाई मंदिर स्थल तक पैदल पहुंचकर मंदिर में पूजन अर्चन किया। मंदिर में खासकर महिलाओं का क्रम बड़ी संख्या में देखा गया। घर घर में महिलाओं, पुरुष के साथ बच्चों ने भी ने भी बड़ी संख्या में व्रत धारण किया दूसरी ओर मंदिरों,देवी दिवाले पर घट स्थापना भी की गई। वहीं पवित्र नवरात्र धार्मिक पर्व के साथ ही चैत्र प्रतिपदा हिन्दू नव वर्ष ( विक्रम संवत 2083 ) के शुभारंभ पर गांव में एक दूसरे को प्रत्यक्ष एवं सोशल मीडिया पर शुभकामनाएं बधाई देने का क्रम भी चलता रहा।

# श्रीराम कथा की निकली शोभायात्रा

- बड़ी संख्या में शामिल रहीं महिलाएं



**नवभारत, सिहोरा।** गोसलपुर के खेर माता मंदिर ग्राम देवालय गोसलपुर में चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस के मौके पर बड़ी खेर माता मंदिर प्रांगण में होने जा रही दस दिवसीय श्रीराम कथा की कलश यात्रा गुरुवार को शाम कथा स्थल मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के छोटी मढ़िया बड़ी मढ़िया राम मंदिर शनी मंदिर हनुमान मंदिर राधा कृष्ण कुटी बावली मंदिर में पूजन अर्चन करने के बाद नगर भ्रमण करते हुए शोभायात्रा कथा स्थल में पहुंची जहां पर कथा वाचक पूज्या सुश्री प्रिया समर्थ जी ने श्रीराम कथा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया यजमानों द्वारा आरती उतारी गई इस भव्य दिव्य कलश यात्रा का जगह स्वागत हुआ बग्घी में सवार कथावाचक बैंड बाजा की धुन व सतरंगी आतिशबाजी के बीच कलश यात्रा में शामिल नन्ही मुन्नी बच्चियों अपने सिर में दीपक कलश शिरोधाय कर आकर्षण का केंद्र रही इस मौके पर कपिल गर्ग राजीव तिवारी धर्मेंद्र सिंह राजपूत हेमचंद असाटी मनीष साहू राज पटेल राकेश तिवारी दुर्गादत्त तिवारी संजीव तिवारी सुरेश पराग रमेश वर्मन नंदू बर्मन सत्यनारायण झारिया संदीप ताम्रकार रवि तिवारी उपेंद्र चौबे मुन्नू सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

# आजाद वार्ड पनागर में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह यज्ञ का आगाज

**नवभारत,पनागर।** आजाद वार्ड पनागर में आगामी दिनों में धार्मिक माहौल देखने को मिलेगा, जहां 19 मार्च से 25 मार्च 2026 तक श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में तैयारियां जोरों पर हैं और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। आयोजन की शुरुआत 19 मार्च को कलश यात्रा एवं गणेश पूजन के साथ हुई।

इसके बाद प्रतिदिन कथा के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का वाचन किया जाएगा। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्री शिव-पार्वती विवाह, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा, रुक्मणी विवाह महोत्सव एवं सुदामा चरित्र जैसे प्रमुख प्रसंग प्रस्तुत किए जाएंगे। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से हरि इच्छा तक निर्धारित किया गया है। साथ ही 21, 23 और 25 मार्च को विशेष रूप से दिव्य दरबार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे।कार्यक्रम का समापन 26 मार्च को भव्य भंडारा के साथ होगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# शाखा ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्राण हैं : भोलानाथ



- सूरतलाई में नवीन शाखा का शुभारंभ
- उत्साह से मनाया गया हिन्दू नववर्ष

**नवभारत,बेलखाडू ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्राण शाखा से ही है ,गुरूवार को संस्कार सिटी में शाखा प्रारंभ से संस्कार का मंदिर प्रारंभ हो गया है जहां स्थानीय जनता के अलावा शेष गांव से भी लोग यहां आए हैं । यह जानकर मुझे खुशी हुई आज हिंदू नव वर्ष हम ही नहीं प्रकृति भी मना रही है । आज के दिन श्री राम का राज्याभिषेक और आज के ही दिन डॉक्टर हेडगेवार संघ संस्थापक का जन्म हुआ था ।

उक्त विचार विस्तार पूर्वक अखिल भारतीय शास्त्र ग्राम योजना के प्रमुख आरोग्य भारती मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के संगठन मंत्री, राष्ट्रीय श्रम सेवक संघ के पूर्व प्रांत प्रमुख भोलानाथ ने आयोजन दौरान व्यक्त किए । इसी तरह 1991 से प्रचारक रहे एवं छत्तीसगढ़ के स्वयंसेवक भूपेन कुमार पाराशर ने संघ पद्धति की विशेषताओं पर विस्तार पूर्ण प्रकाश डाला । आपने कहा कि संकेत हमारे अंदर संस्कारों का निर्माण करता है। यही संस्कार हमको राष्ट्र सेवा से जोड़ते हैं हमें कुछ नहीं चाहिए हम केवल राष्ट्रीय वैभव के लिए कार्य कर रहे हैं,यह भाव हम पर आना चाहिए ।

### शाखा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की हुई घोषणा

कार्यक्रम में खंड कार्यवाह पनागर दीपक तिवारी ने शाखा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की घोषणा की। जिसमें डॉ जोगेंद्र पटेल मुख्य मुख्य शिक्षक का कार्य देखेंगे, डॉ के के गर्ग शाखा कार्यवाह एवं अजय कुमार गर्ग शाखा पालक के रूप में कार्य देखेंगे । आदय सरसंचालक प्रणाम एवं केशव अर्चना भी संपन्न हुई । यहां ग्राम के मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह ठाकुर पप्पू रहे। सूरत लाई में संस्कार तरुण व्यावसायिक शाखा के इस शुभारंभ दौरान ग्राम ओरिया, मंगेला और सुरतलाई से बड़ी संख्या में माता बहनों एवं आमंत्रित जनों की उपस्थिति रही। संघ प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ जिसके बाद सभी ने एक दूसरे को हिंदू नव वर्ष की बधाईया दीं।



# जयप्रकाश वार्ड के ट्रांसफार्मर में लगी आग

- घंटों बाधित रही बिजली व्यवस्था

**नवभारत, पनागर।** पनागर मेन रोड स्थित जयप्रकाश वार्ड में उस समय हड़कंप मच गया, जब सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। आग लगने से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना के दौरान स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बड़ी मशक्कत के बाद घरों से बाल्टियों में पानी लाकर आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि इस दौरान काफी समय तक विद्युत व्यवस्था बाधित रही, जिससे क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली गुल रहने के कारण व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ा। खासकर आइसक्रीम और अन्य ठंडी वस्तुओं के फ्रीजर बंद हो जाने से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि संबंधित ट्रांसफार्मर से कई दिनों से ऑयल रिसाव हो रहा था। इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अधिकारियों की ओर से केवल यह आश्वासन दिया जाता रहा कि सड़क निर्माण कार्य के चलते जल्द ही पोल शिफ्टिंग की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल की जाए, साथ ही इस तरह की लापरवाही पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाए।

# महाकौशल प्रांत में आरएसएस की शाखाओं में हुई वृद्धि




**जबलपुर, 19 मार्च.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक हरियाणा के समालखा में 13 से 15 मार्च तक सम्पन्न हुई. बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत एवं सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. देशभर से 1493 अपेक्षित कार्यकर्ताओं में से 1438 की उपस्थिति रही.

उक्त जानकारी पत्रकार वार्ता में प्रांत संघचालक डॉ. प्रदीप दुबे एवं प्रांत प्रचार प्रमुख विनोद कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि बैठक में संगठन विस्तार, समाज की सज्जन शक्ति की सक्रियता और सामाजिक समरसता के संकल्प को प्रमुखता दी गई. पिछले वर्ष संघ कार्य में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें देशभर में शाखाओं की संख्या बढ़कर 88,949 हो गई है.

महाकौशल प्रांत में भी 533 शाखाओं की वृद्धि के साथ कुल शाखाएं 3,078 तक पहुंच गई हैं. संघ के शताब्दी वर्ष (2025-26) के अंतर्गत देशभर में 62,555 विजयादशमी उत्सव आयोजित हुए. जिनमें लाखों स्वयंसेवकों की सहभागिता रही. महाकौशल प्रांत में 3,138 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें 1.77 लाख से अधिक स्वयंसेवक शामिल हुए. गृह संपर्क अभियान के तहत देश के 37 प्रांतों में 10 करोड़ से अधिक घरों तक संपर्क किया गया, जबकि महाकौशल में 43 लाख से अधिक घरों तक पहुंच बनाई गई. इसी प्रकार हिन्दू सम्मेलनों में देशभर में 3.49 करोड़ लोगों की सहभागिता रही. जबलपुर के सुहागी बस्ती में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की उपस्थिति में आयोजित सम्मेलन में 4500 लोग शामिल हुए।

# 30 सदस्यीय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा का गठन

**नवभारत, सिहोरा।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष संजय यादव के मार्गदर्शन , सहमति अनुमोदन से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा जिला जबलपुर का गठन किया गया जिसमें कोषाध्यक्ष राजेश पटेल, उपाध्यक्ष, अवसर पटेल, मनीष शुक्ला, दिलीप जैन, श्रीमती माधुरी दाहिया, श्रीमती मनीषा पटेल, अजय पाठक डब्बू, महासचिव डॉ,दिनेश पटेल, जितेंद्र तिवारी, मंसूर मंसूरी, नीरज पाठक, श्रीमती सीमा ठाकुर ,आशीष पटेल, बबुआ पटेल ,चंद्रजीत पटेल ,के ,के दुबे, सचिव संतोष पटेल ,फैज आलम शाह, मनोज पटेल, आनंद मोहन दाहिया ,शंभू पटेल ,प्रदीप गौतम ,राजेश विश्वकर्मा ,जितेंद्र श्रीवास्तव जीतू, शैलेंद्र त्रिपाठी, युसूफ खान, सोशल मीडिया, जितेंद्र पटेल, जितेंद्र दुबे, प्रांजल शराफ 30 सदस्यीय समिति का गठन बिहारी पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के द्वारा किया गया।

# कलेक्टर साहब अब कार्रवाई नहीं हुई तो कभी नहीं होगी

- आप जैसे अफसर आएंगे और चले जाएंगे
- मानस भवन में विधायक शाक्य के कड़े तेवर



**गुना, 19 मार्च.** शहर के मानस भवन में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 'नव संवत्सर' कार्यक्रम के दौरान उस समय असहज स्थिति निर्मित हो गई, जब गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने मंच से ही जिला प्रशासन और कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की कार्यप्रणाली पर तीखी टिप्पणियां कीं. विधायक ने गुनिया नदी के जीर्णोद्धार के मुद्दे पर कलेक्टर की ओर इशारा करते हुए गुनिया नदी का जिक्र किया और यहां तक कह दिया कि अगर कार्रवाई नहीं हुई, फिर कभी नहीं होगा. आप जैसे ऐसे ही अफसर आते जाएंगे और चले जाएंगे.

कार्यक्रम में संबोधन दे रहे विधायक शाक्य ने जिला प्रशासन द्वारा गुनिया नदी के जीर्णोद्धार के लिए उठाए जा रहे कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि यह काम इतना आसान नहीं है. उन्होंने कलेक्टर को सचेत किया कि इस मुहिम के दौरान दिल्ली और भोपाल से कई रसूखदारों के फोन आएंगे जो काम रुकवाने का दबाव बनाएंगे. विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा, अगर आप किसी भी सिफारिशी संदेश के आने से पहले कार्रवाई कर देंगे तभी गुनिया मुक्त हो पाएगी. अगर आप ऐसा करते हैं, तो मैं हर कदम पर आपके साथ खड़ा हूँ, लेकिन कागजों में काम करने से कुछ नहीं होगा।

**बदहाली** | गौसेवकों ने उठाई आवाज

# गौशाला में बदहाली चरम पर, लगातार हो रही गौमृत्यु से पनप रहा आक्रोश






**मझौली,नवभारत।** जनपद क्षेत्र के नरीला गांव में स्थित गोकुल गौशाला इन दिनों गंभीर अव्यवस्थाओं और लापरवाही का केंद्र बनी हुई है। लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद नियुक्त अधिकारी और कर्मचारी स्थिति सुधारने में पूरी तरह विफल नजर आ रहे हैं। स्थानीय गौसेवकों और ग्रामीणों के अनुसार गौशाला में गायों की लगातार मौत हो रही है, जबकि उनके लिए न तो पर्याप्त भूसे की व्यवस्था है और न ही समुचित देखरेख की जा रही है। हालात इतने खराब हैं कि कई गायें भूख और बीमारी के कारण तड़प-तड़प कर दम तोड़ रही हैं।

इस गंभीर स्थिति को लेकर मझौली के गौसैनिक संगठन 'सिद्ध शक्ति गौ शिवालय' के कार्यकर्ताओं—यश तिवारी, रामजी यादव, यश ठाकुर, शिवम प्रधान, सूर्यो चौधरी, सुनील कुशवाहा, हिमांशु शर्मा और सुनील यादव ने गौशाला का निरीक्षण कर स्थिति पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

### प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप

गौसैनिकों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि समय रहते उचित व्यवस्था नहीं की गई तो और अधिक गौमृत्यु होने की आशंका है। उन्होंने तत्काल भूसे, पानी और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गौशाला संचालन के नाम पर शासन से मिलने वाली राशि का सही उपयोग नहीं हो रहा है, जिसकी निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है। गौसेवकों और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, साथ ही गौशाला की व्यवस्थाओं को तत्काल सुधारा जाए। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कब तक संज्ञान लेता है या फिर बेबस गौवंश यूं ही मौत का शिकार होता रहेगा।



# नवरात्रि के पहले दिन उमड़ा आस्था का सैलाब

- सरपंच के नेतृत्व में सम्पन्न हुई महाआरती
- ग्राम पंचायत सुकरी में आयोजन



**सुकरी,नवभारत।** ग्राम पंचायत सुकरी में नवरात्रि के पहले दिन गुरूवार को सरपंच ब्रजेश कुमार पटैल की ओर से मंदिर में महाआरती का आयोजन धर्म में माहौल में सम्पन्न हुआ। महाआरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया जिसे बड़ी संख्या में पहुंचे भक्त जनों ने ग्रहण किया। प्रथम दिवस की आरती में करीब 1900 लोगों ने उपस्थिति दर्ज की जिसमें महिलाओं के साथ बच्चे भी शामिल हुए। द्वितीय दिवस की महाआरती राहुल साहू एवं रोहित साहू की ओर से करवाई जाएगी। आरती का समय 8ः00 से 9ः00 बजे के बीच में होगी